**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-05 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 5(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि परिवहन निगम में वर्ष 2018 से अब तक कितने मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति प्रदान की गयी है, और कितने अब तक विचाराधीन है ? | परिवहन निगम में दिनांक 26-02-2018 के उपरान्त दिनांक 31-12-2024 के मध्य कुल 1165 मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रदान किये जाने हेतु अर्ह पाया गया है। उक्त मृतक आश्रितों में से नियमानुसार समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करने वाले 940 मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है।<br>रिट याचिका संख्या-7782/2025 निधि शर्मा बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 व 4 अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 30-05-2025 के अनुपालन में शेष 225 अर्ह मृतक आश्रितों की नियुक्ति स्थगित है।<br>दिनांक 31-12-2024 के उपरान्त दिनांक 30-06-2025 के मध्य परिचालक पद हेतु अर्ह 66 मृतक आश्रितों के प्रकरण क्षेत्रीय स्तर से निगम मुख्यालय में प्राप्त हुए हैं, जिन्हें उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय स्तर पर सूचीबद्ध कर लिया गया है। |
| (ख) उक्त का सम्पूर्ण विवरण क्या है ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।